# SUMMATIVE ASSESSMENT-II (2023-24)

## (SECOND LANGUAGE - HINDI )

## IX CLASS

## INITIAL KEY

**भाग - I**

**I. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।** **12 X 1 = 12**

1- ज) पिपासा

2- ज) साथ-साथ

3- ज) 1949

4- ज) पर

5- ज) A) तत्पुरुष समास

6- ज) निः + झरी

7- A) अनगिनत।

8- B) आग्रह करेंगे

9- ज) मोरनी बारिश में नाचती है।

10- ज) यह बच्चा नौवीं कक्षा में पढ़ता है।

11- ज) माँ रोटी बनायेंगी।

12- ज) राम उसकी बहन के साथ खेलता है।

**भाग - II**

**II. 13. निम्न गद्यांश पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नो के उत्तर लिखिए।** **5 X 1 = 5**

अ) **ज) पत्नि**

**आ) ज) स्मरण**

**इ) ज) मुसकराहट**

**ई) ज) सादर**

**उ) ज) बनाया था।**

**14. निम्न पद्यांश पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नो के उत्तर लिखिए।** **5 X 1 = 5**

**अ) ज) B) डाली पर**

**आ) ज) A) खोंते को**

**इ) ज) B) शुकी का**

**ई) ज) D) किरन**

**उ) ज) B) गीत-अगीत**

**15. *निम्न गद्यांश पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नो के उत्तर लिखिए।*** **5 X 1 = 5**

अ) ज. अपनी पात्र की तलाश में हमारे आसपास ऐसी न जाने कितनी ही चीजें बिखरी पड़ी है।

आ)ज. रामन् ने संदेश दिया कि हम अपने आसपास घट रही विभिन्न प्राकृतिक घटनाओं की छानबीन एक वैज्ञानिक दृष्टि से करें।

इ) ज. रामन् ने संगीत के सुर-ताल और प्रकाश की किरणों की आभा के अंदर से वैज्ञानिक सिद्धांत खोज निकलें।

ई) ज. रामन् की जीनव से यह प्रेरणा लेना चाहिए कि प्रकृति के बीच छूपे वैज्ञानिक रहस्य का भेदन करें।

उ) ज. इस गद्यांश के लेखक धीरंजन मालवे हैं।

**16. *निम्न गद्यांश पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नो के उत्तर लिखिए।*** **5 X 1 = 5**

अ) ज) **A )** लड़के

आ) ज) **A)** बहु को बुखार है।

इ) ज) **D)** भगवाना का

ई) ज) **D)** उसके बेटे की मृत्यु हुई।

उ) ज) **C)** दुःख का अधिकार

***भाग - III***

**III. सूचना के अनुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।** 1 **X 4** = 4

**17. जोडी बनाइए।**

| | |
|---|---|
| A) मधुशाला | A) रैदास |
| B) ऊर्वशी | B) अरुण कमल |
| C) गुरुग्रंथ साहब | C) हरिवंशराय बच्चन |
| D) खुशबू रचते हैं हाथ | D) दिनकर |

**18. निम्न जानकारी पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।** 1 **X 4** = 4

**A) भाई यह क्यों नहीं समझाता कि जो काम छोटा भाई कर सकता है, वह उसकी बहन भी कर सकती है।**

**B) इतना कोमल, नाजुक**

**C) पहाड़ों पर चढ़ने की**

**D) छोटे भाई**

***भाग - IV***

**IV. *निम्न लिखित प्रश्नो के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में लिखिए।*** **8 X 3 = 24**

19. **नए बसते इलाके में कवि रास्ता क्यों भूल जाता है ?**

ज) यह प्रश्न 'रैदास के पद' पद्य पाठ से दिया गया है।

कवि नए बसते इलाकों में रास्ता इसलिए भूल जाता है क्योंकि यहाँ नित्यनया निर्माण होता रहता है। नित नई घटनाएँ घटती रहती हैं। अपने ठिकाने पर जाने के लिए जो निशानियाँ बनाई गई होती हैं, वे जल्दी ही मिट जाती हैं। पीपल का पेड़ हो या ढहा हुआ मकान या खाली प्लाट, सबमें शीघ्र ही परिवर्तन हो जाता है इसलिए वह प्रायः रास्त भूल जाता है।

**20. मोती, मानुष, चून के संदर्भ में पानी का महत्व क्या है ?**

ज) यह प्रश्न 'रहीम के दोहे' पद्य पाठ से दिया गया है। 'मोती' के संदर्भ में पानी का अर्थ है 'चमक' रहीम का कहना है कि चमक के बिना मोती का कोई मूल्य नहीं होता।

'मानुष' के संदर्भ में पानी का अर्थ है- 'आत्म-सम्मान'। रहीम का कथन हैं कि आत्म-सम्मान के बिना मनुष्य का कोई मूल्य नहीं होता।

'चून' के संदर्भ में पानी का महत्व सर्वोपरि है। बिना पानी के आटे की रोटी नहीं बनाई जा सकता। इसलिए वहाँ पानी का होला अनिवार्य हैं।

**21. महादेव भाई के लिखे नोट के बारे में गाँधी जी का राय क्या था ?**

ज) यह प्रश्न 'शुक्रतारे के समान' गद्य पाठ से दिया गया है। गाँधी जी अन्य टिप्पणीकारों को विश्वासपूर्वक यह कहते थे कि महादेव के लिखे नोट से अपने नोट का मिलान कर लो, गलती का पता चल जाएगा। उन्हें विश्वास था कि महादेव जो लिखेंगे, सही लिखेंगे।

**22. "रामन प्रभाव" का अर्थ स्पष्ट कीजिए ?**

ज) यह प्रश्न 'वैज्ञानिक चेतना के वाहक चंद्रशेखर वेंकट रामन्' गद्य पाठ से दिया गया है। रामन् प्रभाव का आशय हैं उनके द्वारा खोजा गया सिद्धांता उन्होंने खोज करके बताया कि जब प्रकाश की एकवर्णीय किरणें किसी तरल पदार्थ या ठोस स्वों के अणुओं परमाणुओं से टकराती हैं तो उनकी ऊष्मा में या तो कमी हो जाती है, या वृद्धि हो जाती है। इस सिद्धांत से किसी भी अणु या परमाणु की आंतरिक संरचना की सटीक जानकारी मिल सकती है।

**23. बचेंद्री पाल को ध्वज जैसा क्या लागा ?**

ज) यह प्रश्न 'एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा' पाठ से दिया गया है।

लेखिका को तेज हवाओं के कारण उठी हुई चक्करदार बर्फीली आकृति ध्वज जैसी लग गयी।

**24. उनाकोटि का अर्थ स्पष्ट करते हुए बताएँ कि यह स्थान इस नाम से क्यों प्रसिध्द है ?**

ज) यह प्रश्न 'कल्लू कुम्हार की उनाकोटी' पाठ से दिया गया है। उनाकोटी का अर्थ है- एक कोटी अर्थात् एक करोड़ से एक कम। इस स्थान पर भगवान शिव की एक करोड़ से एक कम मूर्तियाँ हैं। इतनी अधिक मूर्तियाँ एक ही स्थान पर होने के कारण यह स्थान प्रसिद्ध हैं।

**25. गिलहरी के घायल बच्चे का उपचार किस प्रकार किया गया ?**

**ज)** यह प्रश्न 'गिल्लू' पाठ से दिया गया है। महादेवी वर्मा ने मिलहरी के घायल बच्चे का उपचार बड़े ध्यान से ममतापूर्वक किया। पहले उसे कमरे में लाया गया । उसका खून पोंछकर घावों पर पेंसिलिन लगाई गई कुछ समय बाद मुँह में पानी टपकाया गया। इस प्रकार उसका बहुत कोमलापूर्वक उपचार किया गया।

**26. किताबों वाले कमरे में रहने का पीछे लेखक के मन में क्या भावना थी ?**

**ज)** यह प्रश्न 'मेरा छोटा सा निजी पुस्तकालय' पाठ से दिया गया है। लेखक किताबों वाले कमरे में रहकर स्वयं को अकेला महसूस नहीं करता था। जीवन भर सँभाल कर रखी गई पुस्तकों से लेखक को बड़ा प्रेम था। वहाँ रहकर लेखक को शांति मिलती थी।

## *भाग - V*

***V. निम्न लिखित प्रश्नो के उत्तर आठ या दस पंक्तियों में लिखिए।*** **1 X 10 = 10**

**27. अ. यशपाल की रचनाएँ देश में फैले ऊँच नीच के भेदभाव को बेनकाब करते हैं। दु:ख का अधिकार पाठ के सहारे सिध्द कीजिए।**

**ज)** परिचय:-

| | |
|---|---|
| पाठ का नाम | : दुख का अधिकार |
| लेखक का नाम | : यशपाल |
| विधा | : कविता |
| जन्म | : **1903** |
| रचनाएँ | : देशद्रोही, पार्टी कामरेड आदि। |

सारांश : तेईस साल का युवक भगवाना है। उसके पास डेढ़ बीघा ज़मीन है और वह उस ज़मीन में सब्जियों उगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। वह जब तक जीवित था, अपने परिवार के सभी सदस्यों को (जिनमें उसकी माँ, पत्नी और बच्चे हैं) कमाकर खिलाता था। एक दिन भगवाना अपने खरबूजे के खेत में इधर उधर घूम रहा था। खरबूजे जहाँ रखे हुए थे, वहाँ पर तरावट थी। संयोग से उस समय उसका पैर सॉप पर पड़ गया और साँप ने उसे डस लिया। उसकी माँ ने अपने बेटे को बचाने के लिए झाड़ फूंक, ओझा, नागदेव की पूजा कराई लेकिन भगवाना नहीं बचा।
उसकी अंतिम क्रिया करम के लिए घर में बचा हुआ सारा पैसा और सारा अनाज लग गया। दूसरे दिन सुबह भूखे बच्चों को खरबूजे खिलाई और बुखार से तपती बहू के लिए भोजन जुटाने के लिए वह बाज़ार में खरबूजे लेकर बेचने के लिए बैठ गई। सूतक में भी उस अधेड उम्र की औरत को खरबूजे बेचते हुए देखकर लोग उस गरीब बुढ़िया को ताने देने लगे। लोग उसकी इस विवशता पर विचार किए बिना ही उसे बेहया और निष्ठुर करने लगे।
लेखक कहानी के उत्तरार्ध में पंड़ोस की एक धनी महिला पुत्र के शोक की चर्चा करते हुए कहते हैं कि वह ढाई महीने तक डॉक्टरों की देख रेख में रहने पर भी हर पंद्रह मिनट में बेहोश होकर गिर जाती थी। लोग उसके प्रति सहृदयता से भर उठे थे। शोक की प्रकृति में वर्ग भेद नहीं होता। इस सत्य से परिचित होकर भी लोगों ने मात्र वर्ग भेद के आधार पर उस गरीब बुढ़िया के दुख को किसी ने नहीं समझा।

| |
|---|
| **विशेषता:-** इस कहानी देश में फैले अंधविश्वासों और ऊँच-नीच के भेद-भाव को बेनकाब करते हैं। |

**(या)**

**आ) 'सर सी.वी.रामन् वैज्ञानिक चेतना के वाहक और दृष्टि की साक्षात प्रतिमूर्ति है।' अपना राय व्यक्त कीजिए।**

ज) परिचयः-

पाठ का नाम : वैज्ञानिक चेतना के वाहकः चंद्रशेखर वेंकट रामन्

लेखक का नाम : धीरंजन मालवे

**विषय प्रवेशः-** सर सी.वी.रामन् वैज्ञानिक चेतना के वाहक और दृष्टि की साक्षात प्रतिमूर्ति है।

**विश्लेषणः-** प्रस्तुत पाठ 'वैज्ञानिक चेतना के वाहक रामनु' में नोबेल पुरस्कार विजेता प्रथम भारतीय वैज्ञानिक के संघर्षमय जीवन का चित्रण किया गया है। वेंकट रामन् कुल ग्यारह साल की उम्र में मैट्रिक, विशेष योग्यता के साथ इंटरमीडिएट, भौतिकी और अंग्रेज़ी में स्वर्ण पदक के साथ बी.ए, और प्रथम श्रेणी में एम.ए. करके मात्र अठारह साल की उम्र में कोलकाता में भारत सरकार के फाइनेंस डिपार्टमेंट में सहायक जनरल एकाउंटेंट नियुक्त कर लिए गए थे। इनकी प्रतिभा से इनके अध्यापक तक अभिभूत थे।

सन् 1930 में नोबेल पुरस्कार पाने के बाद सी.बी. रामन् ने अपने एक मित्र को उस पुरस्कार - समारोह के बारे में लिखा था जैसे ही मैं पुरस्कार लेकर मुड़ा और देखा कि जिस स्थान पर मैं भैटाया गया था, उसके ऊपर ब्रिटिश राज्य का 'यूनियन जैक' लहरा रहा है, तो मुझे अफ़सोस हुआ कि मेरे दीन देश भारत की अपनी पताका तक नहीं है। इस अहसास से मेरा गला भर आया और मैं फूट फूट कर रो पड़ा।

चंद्रशेखर वेंकट रामनु भारत में विज्ञान की उन्नति के चिर आकांक्षी थे तथा भारत की स्वतंत्रता के पक्षधर थे। वे महात्मा गाँधी को अपना अभिन्न मित्र मानते थे। नोबेल पुरस्कार समारोह के बाद एक भोज के दौरान उन्होंने कहा था : मुझे एकबधाई का तार अपने सर्वाधिक प्रिय मित्र (महात्मा गाँधी) से मिला है, जो इस समय जेल में हैं।

**VI. *निम्न लिखित प्रश्नो के उत्तर आठ या दस पंक्तियों में लिखिए।*** **1 X 10 = 10**

**28. अ) रैदास भगवान और भक्त की तुलना किन-किन चीजों से की है ?**

**ज) परिचयः-**

पाठ का नाम : पद

कवि का नाम : रैदास

जीवनकाल : 1388—1518

रचनाएँ : गुरु ग्रंथ साहब

यहाँ रैदास के दो पद लिए गए हैं। पहले पद 'प्रभु जी, तुम चंदन हम पानी' में कधिं अपने आराध्य को याद करते हुए उनके अपनी तुलना करता है। उसका प्रभु बाहर कहीं किसी मंदिर या मस्जिद में नहीं विराजता बरन उसके अपने अंतस में सदा विद्यमान रहता है। यही नहीं, यह हर हाल में, हर काल में उससे श्रेष्ठ और सर्वगुण संपन्न है। इसीलिए तो कवि को उन जैसा बनने की प्रेरणा मिलती है।

दूसरे पद में भगवान की अपार उदारता, कृपा और उनके समदर्शी स्वभाव का वर्णन है। रैदास कहते हैं कि भगवान ने तथाकथित निम्न कुल के भक्तों को भी सहज भाव से अपनाया है और उन्हें लोक में सम्माननीय स्थान दिया है।

रैदास ने भगवान और भक्त की तुलना इस प्रकार की

| **भगवान** | **भक्त** |
|---|---|
| **चंदन** | **पानी** |
| **घन** | **मोर** |
| **चंद्र** | **चकोर** |
| **मोती** | **धागा** |
| **स्वामी** | **दास** |
| **दीपक** | **बाती** |

**आ) गीत-अगीत कविता के सारांश के सहारे केंद्रीय भाव को स्पष्ट कीजिए।**

**ज)** परिचयः-

पाठ का नाम : गीत-अगीत

कवि का नाम : रामधारी सिंह दिनकर

जीवनकाल : 1908-1952

रचनाएँ : हुँकार, कुरुक्षेत्र, रश्मिरथी, परशुराम की प्रतिक्षा आदि।

**विषय प्रवेशः-** प्रस्तुत कविता 'गीत - अगीत' में भी प्रकृति के सौंदर्य के अतिरिक्त जीव जंतुओं के ममत्व, मानवीय राग और प्रेमभाव का भी सजीव चित्रण है।

**विश्लेषणः-** इसमें नदी के बहने का सुंदर वर्णन किया गया है। नदी बिछडने का विरह गीत गाते हुए तेज़ी से बहती जाती है। अपना दुःख कम करने के लिए किनारों पर उगे घास और पत्थरों से कुछ कहती हुई बहती जाती है। नदी के किनारे पर एक गुलाब खडा है। वह सोचता है कि, भगवान उसे बोलने की शक्ति देता तो कितना अच्छा होता है। वह भी अपने पतझड के सपनों के गीत सुनाता।

पेड के घनी डाली पर एक तोता बैठा गा रहा है। घनी डाली की छाया में उसका घोंसला है। मादा तोता अपने पंख फैलाकर अंडों को सेक रही है। वह भी गाना चाहती है। लेकिन आवाज़ नहीं निकालती। वह खुश होती है।

एक प्रेमी शाम के समय अपनी प्रेमिका के लिए आल्हा गीत गाता है। उसके स्वर को सुनकर प्रेमिका खींची चली आती है। नीम के पेड के पीछे छुपकर वह गीत सुनती है। वह सोचती है कि, वह भी उस गीत का हिस्सा क्यों न हो सकी? वह प्रेमी के गीत का आनंद लेती है।

कवि यह प्रश्न कर रहा है कि, उसके द्वारा गाया गया गीत सुंदर है? या प्रकृति के द्वारा ना गा सकनेवाला गीत सुंदर है?

## ***भाग - VI***

**VII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए। 1 X 8 = 8**

29) **किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए।**

**अ) आवश्यक किताबें खरीदने के लिए अनुमति माँगते हुए पिताजी के नाम पर पत्र लिखिए।**

अंक विभाजनः

1) स्थान, दिनांक - 1 अंक
2 प्रेषक - 1 अंक
3) सेवा में - 1 अंक
4) संबोधन - 1/2 अंक
5) विषय वस्तु - 3 अंक
6) समाप्ति - 1/2 अंक
7) भाषा – शैली - 1 अंक

कुल - 8 अंक

(या)

**आ) बहन की शादी में भाग लेने के लिए पाँच दिन अनुमति माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पर पत्र लिखिए।**

**इ)** अंक विभाजनः

1) स्थान, दिनांक - 1अंक
2) प्रेषक - 1 अंक
3) सेवा में - 1 अंक
4) विषय वस्तु - 3 अंक
5) समाप्ति - 1 अंक
6) भाषा – शैली - 1 अंक

कुल - 8 अंक

**30) संकेत शब्दों के आधार पर निम्न दिये गये शब्दों में से सही शब्दों को चुनकर किसी एक निबंध की पूर्ति कीजिए।** **16 X ½ = 8**

**अ) संगणकः**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1.उपकरण | 2.क्षेत्रों | 3.भूमिका | 4.भिन्न |
| 5.गणनाओं | 6.काम समय | 7.मनोरंजन | 8.सुविधा |
| 9.लाभ | 10.द्वारा | 11.बातचीत | 12.ज्ञान |
| 13.अंतर्जाल | 14.शेर | 15. चित्रों | 16. उपयोग |

(या)

**(आ) पर्यावरणः-**

1. जीवन(आधार- wrong word) ½ mark add score 2. पौधे 3. जंतु 4. स्वच्छ
5. जिम्मेदारी 6. हम सब 7. कूड़ा-कचरा 8. प्लास्टिक 9. संरक्षण 10. रोकना
11. कानून 12. प्रदूषण 13. बीमारियां 14. ऊर्जा 15. प्रारंभ 16. चारों